कार्यालय
क्षेत्र संचालक, पन्ना टाईगर रिजर्व, पन्ना (म० प्र०)
Phone No. +917732-252135 (O) **Fax,** +917732-252120
E-mail: fdptr@rediffmail.com **Website:** www.pannatigerreserve.in

प्रेस नोट

टाईगर बुलेटिन

पन्ना टाईगर रिजर्व में पुर्नस्थापित किये गये बाघों के स्वास्थ्य एवं उनकी उपस्थिति को लेकर कुछ भ्रामक खबरें समाचार पत्रों में यदा–कदा प्रकाशित हो रही है। इस ओर जन सामान्य को सही जानकारी देने हेतु पार्क प्रबन्धन की ओर से हर सप्ताह टाईगर बुलेटिन प्रकाशित करने का निर्णय लिया गया है। इस सप्ताह टी–1, टी–2 एवं टी–3 की खबरें निम्नानुसार हैं :–

1. बांधवगढ़ से लाई गई बाघिन (टी–1) अपने शावकों के साथ दिनांक 23.12.2010 को एक सांभर शावक का किल किया था एवं वह किल पर देखी गई। कल रात टी–1 एवं टी–2 की मुलाकात हुई।
2. कान्हा से लाई गई बाघिन (टी–2) दिनांक 24.12.2010 को दिनांक 23.12.2010 को टी–3 के द्वारा किये गये किल पर देखी गई। वह काफी तंदुरस्त तथा भोजन के बाद सुस्ताई रही। दिनांक 13.12.2010 को पार्क के हाथी महावतों एवं श्रमिकों के द्वारा तथा दिनांक 14.12.2010 को श्रमिकों के द्वारा टी–2 के 02 शावक देखे गये हैं। आज दिनांक 24.12.2010 को उप संचालक द्वारा एक शावक देखा गया। खास बात यह है कि पार्क प्रबन्धन के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा डेढ वर्ष के बाद विगत 15 दिनों में टी–2 को क्रमशः दिनांक 13.12.2010 एवं 24.12.2010 को प्रत्यक्ष देखा गया।
3. पेंच से लाया गया बाघ (टी–3) दिनांक 19.12.2010 को पार्क के दक्षिणी क्षेत्र में विचरण करता हुआ चला गया जहां से उसे वापस लाने हेतु 24 घंटे से अधिक के अथक प्रयासों के बाद उसे पार्क के भीतरी सुरक्षा कवच में लाया गया। इसके बावजूद दिनांक 22.12.2010 को पार्क के पूर्वी–उत्तरी दिशा में जाने हेतु प्रयास करता रहा। परन्तु मानीटरिंग टीम के द्वारा सफलता पूर्वक उसे पार्क के सुरक्षा कवच में वापस लाया गया।

पार्क के सभी पुर्नस्थापित बाघ अच्छी हालत में विचरण कर रहे हैं।

क्षेत्र संचालक,
पन्ना टाईगर रिजर्व,पन्ना